भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या : 2401

सोमवार, 10 अगस्त, 2026 (19 श्रावण 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तनों के माध्यम से मादक पदार्थों की अवैध तस्करी रोकने के उपाय

2401. श्रीमती जेबी माथेर हीशम:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में सुरक्षा संपरीक्षा तथा असुरक्षा आकलन करवाया है, विमानपत्तन-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) मादक पदार्थों की तस्करी का पता लगाने हेतु तैनात उन्नत जांच प्रौद्योगिकियों, जिनमें बैगेज स्कैनर, बॉडी स्कैनर तथा एआई-आधारित निगरानी शामिल हैं, का विमानपत्तन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने मादक पदार्थों की तस्करी रोकने हेतु यात्री-रूपरेखण प्रोटोकॉल तथा मानक संचालन प्रक्रियाओं में संशोधन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) बीसीएएस, विमानपत्तन परिचालकों, सीमा शुल्क तथा अन्य एजेंसियों के मध्य अंतर-अभिकरण समन्वय सुदृढ़ करने तथा विमानपत्तन सुरक्षा अवसंरचना एवं कर्मचारी प्रशिक्षण बढ़ाने हेतु क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के तहत क्षेत्रीय संगठन, तस्करी के प्रयासों के खिलाफ लगातार सतर्कता बरतते हैं। राष्ट्रीय विमानन सुरक्षा विनियामक नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) गैरकानूनी हस्तक्षेप के कृत्यों को रोकने के लिए विमानन सुरक्षा से संबंधित सुरक्षा संपरीक्षाएं और सुरक्षा संबंधी आकलन करता है।

नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के दिशानिर्देशों में नागर विमानन के प्रति गैरकानूनी हस्तक्षेप के कृत्यों को रोकने के लिए विभिन्न चैक-प्वाइंटों पर यात्रियों की जांच और व्यवहार पहचान (बिहेवियर डिटेक्शन) के तरीकों के संबंध में प्रशिक्षण का प्रावधान है। जोखिम-आधारित लक्ष्यनिर्धारण और हस्तक्षेपों के अलावा, तस्करी के मामलों का पता लगाने के लिए हवाईअड्डों पर खोजी कुत्ते और उन्नत गैर-हस्तक्षेपी जाँच प्रणालियां तैनात की गयी हैं।

नागर विमानन सुरक्षा में शामिल एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो नियमित रूप से संबंधित हितधारकों के साथ बैठकें आयोजित करता है। मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के प्रयासों को मजबूत करने के लिए क्षेत्रीय संगठनों को भी तस्करी के उभरते तरीकों के प्रति नियमित रूप से सचेत किया जाता है।

******